## एक नजर में

### वेदांश मजूमदार ने प्राप्त किये 88 प्रतिशत अंक



**ब्यावरा 16 अप्रैल,का.** नगर के युवा चिकित्सक डॉ प्रतूल मजूमदार-श्रीमती गंगा मजूमदार के सुपुत्र वेदांश मजूमदार ने कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 88 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशिष्ट स्थान प्राप्त किया. वेदांश मजूमदार ने बॉयोलाजी सब्जेक्ट के सभी विषय में विशेष योग्यता प्राप्त की. उसकी इस उपलब्धि पर चाचा पियूष मजूमदार, मित्रजनों, परिवारजनों ने बधाई दी है.

### खुशी कुशवाह का सुयश



**ब्यावरा 16 अप्रैल,का.** हायर सेकेण्ड्री एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा ली गई परीक्षा में शा. मॉडल स्कूल भोपाल से पढ़ते हुए खुशी कुशवाह ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रमुख स्थान प्राप्त किया. बालिका खुशी नगर के वरिष्ठ पत्रकार प्रेम कुशवाह भोपाल की बालिका है. इसके साथ ही कक्षा 10 वी में अध्ययन करते हुए खुशबू कुशवाह पिता घनश्याम कुशवाह ने ब्यावरा के चित्रांश स्कूल में पढ़ते हुए 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया.



### मेघा शिवहरे का सुयश



**ब्यावरा 16 अप्रैल, का.** स्थानीय ब्यावरा पब्लिक स्कूल की छात्रा मेघा शिवहरे ने कक्षा 12 वीं में सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए है. छात्रा नपा कर्मचारी दिनेश शिवहरे की पुत्री तथा सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक प्रभुलाल शिवहरे की पौत्री है. छात्रा ने 500 में से 415 अंक प्राप्त किए है.

### भीलवाड़िया का शानदार बोर्ड परीक्षा परिणाम

**करनवास 16 अप्रैल, सं.** बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़िया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है. कक्षा 12वीं के परिणाम में कुल 81 विद्यार्थी दर्ज एवं उपस्थित रहे, जिनमें से 76 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 5 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे. इस प्रकार कक्षा 12वीं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93 .8% रहा. श्रेणीवार परिणाम में 52 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 24 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की. इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परिणाम में कुल 48 विद्यार्थी दर्ज एवं उपस्थित रहे, जिनमें से 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा केवल 1 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहा. कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 97 .91% रहा. इसमें 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की. कक्षा 10वीं में मेघा यादव ने 482/500 अंक 96 .4% प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया. निकिता यादव 92% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया सुमित सक्सेना ने 455/500 अंक 91% प्राप्त कर तृतीय हासिल किया. कक्षा 12वीं कला संकाय में रक्षा यादव ने 402/500 अंक 80 .4% प्राप्त कर तृतीय स्थान तथा हर्षवर्धन ने 327/500 अंक 65 .4% प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया. कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में दीपिका प्रजापति ने 439/500 अंक 87 .8% प्राप्त कर हायर सेकेण्ड्री मे प्रथम स्थान एवं सीता यादव ने द्वितीय निखिल स्थान प्राप्त किया. संस्था प्रधान लाखन सिंह यादव ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बधाई दी. परीक्षा प्रभारी के.एल. जांगड़े ने परिणाम की विस्तृत जानकारी साझा की.

# सीबीएसई में 96 .4 % सफलता मिली

## 1600 विद्यार्थियों ने दी थी सीबीएसई कक्षा10 वीं बोर्ड की परीक्षा, 96 प्रतिशत से ज्यादा सफल रहे



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 अप्रैल, का. 15 अप्रैल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. इस वर्ष विद्यार्थियों ने गत वर्ष की अपेक्षा अधिक बेहतर प्रदर्शन किया है. जिला राजगढ़ के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ए. साहा, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 25 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय संचालित हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 1600 विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में भाग लिया. जिले का कुल परीक्षा परिणाम लगभग 96.4 प्रतिशत रहा. जिले में परीक्षा संचालन हेतु कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे.**

परीक्षा परिणाम के साथ ही सीबीएसई द्वारा पूर्व में घोषित द्वितीय बोर्ड परीक्षा प्रणाली के संबंध में भी जानकारी दी गई है. इस प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थी यदि चाहें तो तीन विषयों में पुन: परीक्षा दे सकते हैं. इसके लिए विद्यार्थियों को अपने संबंधित विद्यालय में तीन दिवस के भीतर सूचना देना अनिवार्य होगा. विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों का चयन कर सकते हैं. द्वितीय बोर्ड परीक्षा का पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा के समान ही रहेगा. यदि कोई विद्यार्थी द्वितीय बोर्ड परीक्षा हेतु आवेदन करता है, परंतु परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में वर्तमान घोषित परीक्षा परिणाम को ही मान्य माना जाएगा. जो विद्यार्थी अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे इस अवसर का लाभ ले सकते हैं.

जिला स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी गई है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है. साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का प्रमुख आधार बताया गया है.

### लक्ष्य में सफलता सिर्फ एकाग्रता मांगती है



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम आशा की अनुरूप बहुत ही अच्छा रहा है. सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों ने साल भर मेहनत की है और उसकी का यह परिणाम है. किसी भी लक्ष्य की सफलता सिर्फ एकाग्रता पर निर्भर है. रोज थोड़ा-थोड़ा चलकर ही मंजिल पाई जाती है. हमारे जिले में लगातार परिणाम बेहतर आ रहे है. आगे भी हमारे होनहार इससे बेहतर करके दिखाएंगे.

**ए साहा, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजगढ़**

### ये हैं जिले की मेरिट के 9 रत्न



श्याम सुंदर गुप्ता 97 .8% स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़



दीपिका सिसोदिया 97 .8 % मास्टरमाइंड स्कूल, सारंगपुर



मोहित सिंह नरबन 97 .8 % विजय कॉन्वेंट स्कूल




आदित्य कुमार 96 .8 % ज्योति कॉन्वेंट स्कूल



अदिति निगम 96 .2 % केंद्रीय विद्यालय



अथर्व नागर 96 .2 % प्रोविडेंस कॉन्वेंट

सुदिति यादव 96 % प्रज्ञा सागर स्कूल, नरसिंहगढ़

अभिनव सेन 96% इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल

अद्या शर्मा 96 % सेंट जोसेफ स्कूल,नरसिंहगढ़

### जिला कलेक्टर ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



# 95 प्रतिशत अंक लाने वालों को संस्था कराएगी वैष्णोदेवी की हवाई यात्रा

## साईंनाथ कान्वेंट हाई स्कूल का कक्षा 10 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**पडाना 16 अप्रैल, सं.** साई नाथ कान्वेंट हाई स्कूल, आसारेटा का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ. अंग्रेजी माध्यम के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया. विद्यालय के प्राचार्य रवि जाट ने बताया कि बच्चों की सफलता के पीछे नियमित टेस्ट और सतत मेहनत मुख्य कारण रहे. गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत और सामाजिक विज्ञान विषयों में विद्यार्थियों ने सर्वाधिक अंक अर्जित किए. इस उत्कृष्ट परिणाम पर संस्था संचालक राजेश परमार ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की. उन्होंने घोषणा की थी कि 95 प्रतिशत परिणाम आने पर संस्था की ओर से विद्यार्थियों को हवाई जहाज से माँ वैष्णो देवी की यात्रा कराई जाएगी. इस घोषणा के तहत प्रतिभा भिलाला हवाई जहाज से सफर कर मां वैष्णो देवी के दर्शन करेंगी. विद्यालय में टॉपर सूची में प्रतिज्ञा भिलाला ने 95 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया. सोहन मालवीय और खुशबू राजपूत ने 91-91%, सलोनी परमार, आयुष और ओमप्रकाश ने 90-90% अंक प्राप्त किए. इसके अतिरिक्त पवन 89%, सोना परमार 88%, सोभा परमार, रीया पूरी, राधिका यादव, सुमित यादव, ऋतुराज ने 87-87%, शिवानी राजपूत व लक्ष्मी ने 84-84%, देवेन्द्र ने 83%, गायत्री व वंशिका ने 80-80% अंक प्राप्त किए. भंवर बना 79%, प्रेरणा 76%, अमन 75% और अंजू 73% अंक लाने में सफल रहे. इस मौके पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 16 अप्रैल, सं.** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शिवम गिरी ने कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में सर्वाधिक 96 %अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया. शिवम गिरी की इस बेहतरीन उपलब्धि पर संस्था की ओर से उसके पिता एवं छात्र को विद्यालय मे फूल माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. संस्था की ओर से छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है. संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिव दांगी, कृपाल सिंह सोलंकी, अंकुश भावसार, जितेंद्र गुप्ता, डॉ. बीएल गुर्जर ने उपस्थित होकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की.

### विजया कॉन्वेंट स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम




**जीरापुर 16 अप्रैल, सं.** विजया कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई कक्षा10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा. विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर और जिले का नाम रोशन किया. विद्यालय के छात्र मोहित सिंह नरबान ने सर्वाधिक अंक 97.8% प्राप्त कर जिला स्तर की टॉप सूची में प्रथम स्थान हासिल किया. विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों मे अरविंद राठौर 97.2%, शिवांश भावसार 96.6%, आकांक्षा शर्मा 96.2%, गिरिराज सिंह नरबान 95.8%, यथार्थ शर्मा 95.4%, चहल मित्तल94%, उर्वशी गुप्ता 92.4%, अक्षिता गुप्ता 91.6%, आयुध पुष्पद 90.4%, मीरा शर्मा 90%, सारांश गुप्ता 90% रहे. विद्यालय मैनेजर जोस कण्डूर, प्राचार्य बेबी पाथ्रोस, उप-प्राचार्य रवि राठौर, प्रो. मोहमद कुरैशी, शिक्षक जीतू, हेडमिस्ट्रेस मौली सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### हर तीसरी बेटी को मिलेगा लैपटॉप, विज्ञान संकाय की पूजा नागर को स्कूटी

**छापीहेड़ा 16 अप्रैल, सं.** शासकीय कन्या उमावि का बोर्ड परीक्षा परिणाम में बालिकाओं ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नई उपलब्धि स्थापित की है. कक्षा 10वीं में कुल 81 में से 79 छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुईं, जिनमें से 64 छात्राएँ उत्तीर्ण रही. इस प्रकार परिणाम 81 प्रतिशत रहा. मेरिट में रचना दाँगी 94.6% प्रथम, राधा दाँगी 94.2% द्वितीय एवं शालू सिसोदिया 93.8 % तृतीय स्थान पर रहीं. कक्षा 12वीं में सभी 125 छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुईं, जिनमें से 108 छात्राएँ उत्तीर्ण रहीं. इस प्रकार परिणाम 86.4% रहा. विज्ञान संकाय में पूजा नागर 90% प्रथम, पूजा नागर 87.6% द्वितीय एवं मेघा कुशवाह 85.6% तृतीय स्थान पर रही. कला संकाय में रंजना नागर 87.6 % प्रथम, कुमकुम राजपूत 86.4 % द्वितीय एवं शिवानी नागर 85.6 % तृतीय स्थान पर रहीं. विज्ञान संकाय की प्रतिभाशाली छात्रा पूजा नागर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शासन द्वारा स्कूटी प्रदान की जाएगी. प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने सभी सफल छात्राओं को बधाई दी.

# संस्कार एकेडमी पचोर का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा

नवभारत न्यूज

**पचोर 16 अप्रैल, सं.** संस्कार एकेडमी सीबीएसई आवासीय विद्यालय पचोर ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को एक बार फिर सिद्ध करते हुए इस वर्ष भी कक्षा 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किया. विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है. इस वर्ष विद्यालय से कुल 79 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 60 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 19 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया. विद्यालय के बोर्डिंग स्टूडेंट हर्षित विश्वास ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया. ऋषभ राठौर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इसके अतिरिक्त मानव वर्मा ने 87.8 प्रतिशत, वीरेंद्र गुर्जर ने 87.4 प्रतिशत, पर्व शर्मा 87.2 प्रतिशत, यश शर्मा 87.2, अरुण नगर 86.8, सार्थक माहेश्वरी 86.6, माधवन सक्सेना 86.4, जतिन विश्वकर्मा 86.2, रुद्राक्ष पांडे 86.2, अभिषेक दांगी 85.2, परिधि यादव 84.6, हरिओम दांगी 84.2, लक्षित गुप्ता 84.2, योगिता गुर्जर 84.2, आदित्य चौधरी 84, प्रशांत चौहान 83.4, जीवन परमार 82.6, उज्जवल शर्मा 82.6, तनीषा पाटीदार 82.2, अनुष्का गुप्ता 81.6, भावना चौरसिया 81, योगिता जाट ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवंलप्रीत, रूबी राजपूत पीजीटी शिक्षक रोहित शर्मा, अनिल द्विवेदी, जितेंद्र सिंह राठौड़, आकाश श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, पंकज जाट, गौरव निगम, उमेश नागर एवं बोर्डिंग स्टूडेंट के मार्गदर्शक सत्यनारायण शर्मा आदि विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है. विद्यालय के अध्यक्ष दीपक गोयल ने कहा कि संस्कार एकेडमी पचोर निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, संस्कार और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

### ध्रुवील सोनी ने 10वीं बोर्ड में हासिल किए 88 प्रतिशत अंक




**सारंगपुर 16 अप्रैल, सं.** समाजसेवी यशवंत सोनी के पोते एवं अमित सोनी के पुत्र ध्रुवील सोनी ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की. ध्रुवील वर्तमान में इंदौर स्थित एमराल्ड स्कूल के छात्र हैं. ध्रुवील केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि खेलकूद के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं. उन्होंने पूर्व में अंडर-19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी ध्रुवील को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है.

# सीबीएसई में मास्टरमाइंड स्कूल ने लहराया परचम

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 16 अप्रैल, सं. सीबीएसई के कक्षा 10वी के परीक्षा परीणाम घोषित हुए जिसमें नगर के प्रतिष्ठीत विद्यालय मास्टर माईन्ड स्कूल के 121 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था. जिसमें विद्यालय का 100 प्रतिशत प्रतिशत परीक्षा परीणाम रहा.**

जिसमें 96 प्रतिशत छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी एवं शेष द्वितीय श्रेणी में उर्तीण हुए. कक्षा 10 में दीपिका सिसोदिया 97.8, पार्थ सिसोदिया 96, प्रतीक सक्सेना 95.6, अक्षरा पाटोदिया 95.2, जय शर्मा 92.8, दीपिका परमार 92.8, आयुष भारतीय 91.2, आर्या सिसोदिया 91., दिव्यांशी पाटीदार 90.8, प्राची पाटीदार 90.2, स्वाति पाटीदार 90, दैविक पुष्पद 89.4, दिव्यांश सौलंकी 89.2, मो. अयान अन्सारी 88.4, भविष्या मोगरकर 88.2, शिखर विश्वकर्मा 87, रिषभ गोस्वामी 87, हर्ष कुम्भकार 86.6, आयुष कुमार दांगी 86.4, रिषभपाटीदार 86.2, दक्ष जोनवार 85.6, हर्ष चुलीवाल 85.6, कनिष्का राठौर 84.8, विनय गोयल 84.8, वैष्णवी पाटीदार 84.4, आरूषी पाटीदार 83.6, हार्दिक जोशी ने 83.4, आयुष जाट 83.2, वैभवी शर्मा 83, मोहित पाटीदार 83, शिवराज मकवाना 83, वंशिका सोनी 81.8, उपासना राजपूत 81.6, मीनाक्षी यादव 81. 2, दर्शिल बारकिया 80.8 अंक प्रतिशत प्राप्त किए. विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था प्रमुख श्री सी. पी. पाटीदार, प्राचार्या रंजना सक्सेना, श्वेता जोशी, संगीता पाटीदार, हिरोजित हाओबिजम, राधेश्याम भिलाला, विष्णु गोवा, धर्मेन्द्र डोडिया, विरेन्द्र पाटीदार, विनय पाटीदार, कपिल कुम्भकार रोहित वरगढ़िया, कायनात कुरैशी, विजय मण्डलोई, रजत शर्मा, नवीन पाटीदार, विकास पाटीदार आदि ने विद्यार्थीयों को बधाई दी.



### कृष्णा वैली स्कूल की छात्रा का श्रेष्ठ प्रदर्शन



**नवभारत न्यू, छापीहेड़ा/पचोर 16 अप्रैल, सं.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम में प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था कृष्णा वैली इंटरनेशनल स्कूल छापीहेड़ा की छात्रा अन्वी गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है. छात्रा अन्वी ने सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक अर्जित किए है. इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का वातावरण है. विद्यालय प्रबंधन के द्वारकाप्रसाद गांधी, अखिल गांधी, निखिल गांधी एवं श्रीमती पूजा गांधी ने छात्रा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है. विद्यालय के प्राचार्य प्रसाद तरानेकर ने कहा है कि छात्रा की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है. छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है.

**परीक्षा** ▶ **नाहली, नाईखेड़ा, सरेड़ी, समेली, कालीपीठ, जामोनिया गणेश में 100 प्रतिशत बच्चे पास हुए**

# उपस्थिति और परिणाम में ग्रामीण अंचलों के स्कूल निकले आगे

नवभारत न्यूज


**जीरापुर 16 अप्रैल, सं.** जनपद शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत समीपवर्ती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोघटपुर के कक्षा 12वी के परीक्षा परिणाम में आर्ट विषय की छात्रा निशा चौहान ने 88% अंक अर्जित किया. ग्राम पंचायत गोघटपुर सरपंच योगेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य गोविन्द सिंह चौहान, जनशिक्षक प्रेम सिंह वर्मा, रामेश्वर दांगी, मुकेश दांगी, मोहन राठौर ने छात्रा एवं उसके पिता नारायण सिंह चौहान को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी. सरपंच गुप्ता ने कहा कि विद्यालय परिवार के द्वारा शैक्षणिक कार्य को जिम्मेदार से निर्वहन तथा विधार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया. कक्षा 10 वी के 59 विद्यार्थियों मे से 41 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की एवं 14 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए. कक्षा 12वी के 48 विद्यार्थियों मे से 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की एवं 12 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए. निशा चौहान एवं भोजराज गुर्जर ने एक समान 88.2% अंक प्राप्त करके शासन की स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी हेतु पात्रता प्राप्त की.



### एडवांस्ड किड्स एकेडमी ने रचा इतिहास

**जीरापुर 16 अप्रैल, सं.** एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं) में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम रहा. विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए. सर्वाधिक 94.2 प्रतिशत अंक अंजलि दांगी ने प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया. यश्वी गुप्ता 93%, पियूष मोदी 92.8%, हरिओम राठौर 91.6%, सत्यनारायण राठौर 89.8%, चंचल गुप्ता 89.6% ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गोरवान्वित किया. विद्यालय प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समस्त शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बधाई दी. शैक्षणिक क्षेत्र में विधालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है.

### मऊ के संदीपनी स्कूल जानकी राजपूत को जिले में दूसरी रैंक



**पडाना 16 अप्रैल, सं.** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है परिणाम आते ही स्कूलों में सम्मान समारोह का दौर शुरू हो गया. इसी कड़ी में गुरुवार को समीप ग्राम मऊ स्थित संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया. विद्यालय की छात्रा जानकी राजपूत पिता छतर सिंह राजपूत, निवासी मऊ ने कक्षा 10वीं में 500 में से 488 अंक हासिल कर जिले की टॉपर सूची में दूसरी रैंक प्राप्त की है. जानकी राजपूत की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया. कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं की जिया नागर, सोनाक्षी जाट तथा कक्षा 12वीं की शिवानी राजपूत, अंजलि जाट और रिया नागर सहित अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर संस्था प्राचार्य शंकर लाल भारती ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहना एवं उत्कृष्ट परिणाम के लिए अभिभावकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करना है.



### न कोचिंग, न सुविधा, तपकर कुंदन बने हाईस्कूल बावड़ीखेड़ा के विद्यार्थी

**नवभारत न्यूज, तलेन 16 अप्रैल, सं.** कहते हैं कि प्रतिभा किसी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है राजगढ़ जिले के शासकीय हाईस्कूल बावड़ीखेड़ा के छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में इस छोटे से गांव की विद्यार्थियों ने सफलता का ऐसा परचम लहराया है कि पूरा क्षेत्र गर्व से सिर उठाकर देख रहा है. स्कूल के छात्र अधिकतर किसान और मजदूर परिवारों से आते हैं. विद्यार्थी केवल पढ़ाई ही नहीं करते, बल्कि घर के कामकाज और खेतों में अपने माता-पिता का हाथ भी बंटाते हैं. विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार ने छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि स्कूल प्रबंधन हमेशा से प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करता आया है. पिछले वर्ष सर्वाधिक अंक लाने वाली बालिका प्रिया धनगर ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट छटा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया था. इस वर्ष की शानदार सफलता में प्रतिज्ञा राजपूत 97% प्रथम स्थान, सलोनी लववंशी 96.8% द्वितीय स्थान और भरत शर्मा 95% ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की ओर से उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई.